अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर(छत्तीसगढ़)
ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
(Established by Chhattisgarh Legislative Assembly Act No. 07 of 2012)
पुराना हाईकोर्ट भवन, गांधी चौक के पास, बिलासपुर (छ.ग.) 495001
फोन : 07752–220031,220032,220033 फैक्स 07752–260294
वेबसाइट : www.bilaspuruniversity.ac.in ई–मेल : : registrar@bilaspuruniversity.ac.in

क्र 3682/ परीक्षा / 2020 बिलासपुर, दिनांक 10/09/2020

मुख्य परीक्षा 2019–20 के लिए परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक निर्देश

1. स्नातक / स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष / डिप्लोमा कोर्स में वर्ष 2019–20 की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हो रहें परीक्षार्थी पुनः नया प्रवेश पत्र प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय वेबसाईट www.exam.bucgexam.in से अपने यूजर आई डी / आधार नम्बर / नामांकन नम्बर से दिनाँक 11 / 09 / 2020 से डाऊनलोड कर सकते है।
2. मुख्य परीक्षा 2019–20 की परीक्षा में सम्मिलित रहे परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय से (जिस महाविद्यालय में प्रवेश लिए हैं या परीक्षा फार्म भरे हैं) उसी महाविद्यालय से समस्त प्रश्नपत्रों के उत्तरों को लिखने के लिए कोरी उत्तर पुस्तिकाएं दिनाँक 10 / 09 / 2020 से प्राप्त कर सकते है।
3. परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका प्राप्त करते समय ही उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर अति सावधानी पूर्वक घोषित समय सारणी अनुसार चाही गई जानकारी भरेंगे। उसके बाद ही उत्तर पुस्तिका महाविद्यालय से ले जा सकेंगे।
4. परीक्षार्थियों को समय–सारणी अनुसार निर्धारित समय से आधा घन्टा पूर्व प्रश्नपत्र उनके यूजर आईडी एवं मेल आई डी पर उपलब्ध रहेगां जिसे छात्र समय पर डाऊनलोड कर सकते है। प्रश्न पत्र एक घंटे की समयावधि के लिए उपलब्ध होगा।
5. यदि किसी परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र डाऊनलोड करने में परेशानी होती है तो ऐसी स्थिति में महाविद्यालय के प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य का मोबाईल नम्बर आवश्यक रुप से रखें एवं ऐसी स्थिति में उनसे भी सम्पर्क कर प्रश्नपत्र मंगाया जा सकता है और यदि ये भी व्यवस्था नहीं हो पाती तो ऐसी स्थिति में आप अपने महाविद्यालय से प्रश्न पत्र की हार्ड कापी भी प्राप्त कर सकते है।
6. परीक्षार्थी समय–सारणी अनुसार अपनी परीक्षा अपने निवास पर देने के पश्चात उत्तर पुस्तिका चाहें तो उसी दिन या अगले दिन कार्यालय समय तक अपने महाविद्यालय में जमा कर सकते है।
7. ऐसे परीक्षार्थी जो किसी कारण वश अपने महाविद्यालय में व्यक्तिशः उत्तर पुस्तिका नहीं ले सकते हैं तो ऐसे छात्र महाविद्यालय के प्राचार्य को आनलाईन आवेदन कर उत्तर पुस्तिका प्राप्त कर सकेंगे। महाविद्यालय ऐसे छात्रों को जितने विषयों में शामिल होना है उतनी उत्तर पुस्तिका की मुख्य पृष्ठ को स्कैन करते हुए परीक्षार्थी को भेजेगा। छात्र इस मुख्य पृष्ठ को शामिल करते हुए कुल 32 पेज की उत्तर पुस्तिका बनायेंगे।
8. ऐसे परीक्षार्थी जो महाविद्यालय से दूर रहकर परीक्षा में सम्मिलित होंगें वे समय–सारिणी अनुसार उक्त पेपर की लिखित उत्तर पुस्तिका उसी दिन या अगले दिन तक आवश्यक रुप से महाविद्यालय के मेल आई डी पर प्रेषित करेंगें एवं महाविद्यालय को ही स्पीड पोस्ट भी करेंगें एवं उसकी एक प्रति पावती के रुप में आवश्यक रुप से अपने पास सुरक्षित रखेंगें। ऐसे परीक्षार्थी जो कोरी उत्तर पुस्तिका महाविद्यालय से प्राप्त किये है या डाऊनलोड कियें हैं। उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ में अपना हस्ताक्षर आवश्यक रुप से करेंगें।
9. परीक्षार्थी कोरी उत्तर पुस्तिका या लिखित उत्तर पुस्तिका पेपर सम्पन्न हो जाने के बाद अपने पास कतई नहीं रखेंगें क्योंकि यह विश्वविद्यालय की सम्पति है और अगर ऐसा पाया गया तो नियमानुसार कार्यवाही भी की जा सकती है।
10. यदि किसी परीक्षार्थी को परीक्षा सम्बन्धी कोई परेशानी आती है तो ऐसी स्थिति में महाविद्यालय के प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य / शिक्षकों का मोबाईल नम्बर आवश्यक रुप से रखें ताकि समय रहते आपकी समस्या का निराकरण हो सके।
11. महाविद्यालय प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य / शिक्षकों से समस्या का समाधान न होने पर ही वि.वि. के वेबसाईट पर दिये गये नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है।

P.T.O.

12. समस्त परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखेंगें कि उनके द्वारा महाविद्यालय को पूर्व में दिये गये ई मेल पर ही महाविद्यालय द्वारा प्रश्न पत्र प्रेषित किये जायेंगे या परीक्षार्थी अपने यूजर आईडी से लागइन करते हुए भी प्रश्नपत्र प्राप्त कर सकता है। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र दिखाकर महाविद्यालय से पूरी प्रक्रिया सम्पन्न करते हुयें उत्तर पुस्तिका प्राप्त करेंगें।
13. छात्र महाविद्यालय में व्यक्तिशः उपस्थित होकर उत्तर पुस्तिका प्राप्त कर सकता है या महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्र को ई–मेल में भेजी गई उत्तर पुस्तिका ही मान्य होगी अन्य किसी माध्यम से छात्र–छात्राएं कोरी उत्तर पुस्तिका कदापि प्राप्त न करें। उक्त के अलावा यदि किसी अन्य माध्यमों से उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त की जाती है तो इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

10/9/20

परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि
बिलासपुर (छ.ग.)